हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026



**खबर संक्षेप**

### ढाबा में पिलाई जा रही शराब, संचालक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ ढाबा में बिठाकर शराब पिलाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

डोंगरगढ़ रोड स्थित छत्तीसगढ़ ढाबा तुमडीबोड़ में ढाबा संचालक द्वारा आने-जाने वाले लोगों को अपने ढाबा में बिठाकर शराब पिलाई जा रही है तथा चखना भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ ढाबा पहुंचकर रेड कार्रवाई की। ढाबे में मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मनीष तेजवानी बताया तथा स्वयं को ढाबे का संचालक होना बताया। ढाबा में मौके से 3 पौवा देशी प्लेन शराब, 2 खाली शराब पौवा, 4 डिस्पोजेबल गिलास शराब की गंध आती हुई, नमकीन के रैपर तथा शराब पिलाकर अर्जित की गई नगदी रकम 300 रुपए बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से अपने ढाबे में बिठाकर लोगों को शराब पिलाना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 36(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

**माय एंगल**




# अटैंडेस की हाइटैक तकनीक बनी मुसीबत, मंडराया वेतन का संकट

## शिक्षा विभाग के फरमान से बढ़ी शिक्षकों की दिक्कतें, पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज कराने लागू सीजी वीएसके ऐप को लेकर असंतोष बढ़ते जा रहा है। ऐप में आ रही तकनीकी समस्या न केवल शिक्षकों की कार्यप्रणाली प्रभावित कर रही है, बल्कि अब वेतन भुगतान को लेकर आशंका पैदा होने लगी है।

जानकारी के अनुसार बहुसंख्यक स्कूलों में सामान्य कमजोर नेटवर्क, जीपीएस लोकेशन में त्रुटि, विद्यालय से गलत दूरी दिखने, चेक-इन और चेक-आउट नहीं होने जैसी दिक्कते सामने आ रही है। इन समस्याओं के चलते नियमित विद्यालय जाने के बाद भी शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। देखने में आ रहा कि शिक्षक के विद्यालय में होने के बाद भी ऐप उन्हें दो से तीन किलोमीटर दूर होना दर्शा रहा है। जानकारी के अनुसार इस तरह की समस्या से सीएसी, बीआरसी, संकुल समन्वयक और निरीक्षण एवं बैठकों में शामिल होने वाले अधिकारी भी जूझ रहे हैं।

### तो क्या करें

कोई शिक्षक या अधिकारी निरीक्षण, प्रशिक्षण या विभागीय बैठक में शामिल होने जाता है तो उसके सामने समस्या यह खड़ी हो रही है कि वह विद्यालय में उपस्थिति कैसे दर्ज कराए? इस व्यावहारिक समस्या का समाधान अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

### ऐसे गुजर रहा टाइम

एक ओर कक्षा के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करने की नसीहत शिक्षकों को दी जाती है। वहीं दूसरी ओर स्कूलों का हर कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से कराया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाना छोड़कर शिक्षक एप में विभिन्न जानकारी एंट्री और अपलोड करने में उलझे रहते हैं। वहीं डिजिटल गोपनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारी अपने निजी मोबाइल से सरकारी ऐप संचालित कर रहे हैं। उनके मोबाइलों में बैंकिंग, यक्तिगत दस्तावेज और अन्य निजी जानकारियां भी सुरक्षित रहती है।




### किसकी होगी जवाबदेही

सवाल यह है कि कर्मचारी किसी डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी? शिक्षा जगत में अब यह सवाल उठ रहा है कि तकनीकी खामियों का दंड कर्मचारियों को दिया जाना उचित है? यदि कोई शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, लेकिन ऐप की त्रुटि के कारण उसकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है, तो उसके वेतन पर संकट खड़ा करना प्रशासनिक संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

### वेतन की चिंता

हाल में एक बयान आया था। जिसके अनुसार सीजी वीएसके ऐप के बिना वेतन भुगतान नहीं होगा। इस घोषणा के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों में भय और असमंजस का वातावरण बन गया है। कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी खामी के कारण ऐप काम नहीं करता तो इसका खामियाजा कर्मचारी क्यों भुगते।

## मनगटा में व्यापक पैमाने पर अवैध प्लाटिंग, प्रशासन ने कसा शिकंजा

# बिना अनुमति निर्माण पर एक्शन की तैयारी, चार रिसोर्टस को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेंद्र यादव के कड़े रूख के बाद जिले में अवैध निर्माण और बिना अनुमति व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। इसी कड़ी में अब मनगटा क्षेत्र के चार रिसोर्टस को अनियमितताओं के चलते नोटिस जारी कर दिया गया है। ऐसा भी बताया गया कि मनगटा के इन अवैध रिसोर्टस पर दोबारा बुलडोजर कार्रवाई भी हो सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक जांच में यह बात सामने आई है कि इन ठिकानों पर बड़े पैमाने पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। रिसोर्ट संचालकों द्वारा कृषि भूमि का बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो सीधे तौर पर भूमि सुधार और राजस्व नियमों का खुला उल्लंघन है। इसके साथ ही इन परिसरों में चल रहे कार्यों के लिए आवश्यक लेबर लाइसेंस भी नहीं लिया गया था। जिससे श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सबसे जरूरी मानी जाने वाली पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी के बिना ही इन विशालकाय रिसोर्टस का संचालन किया जा रहा था। इतना ही नहीं परिसर के भीतर मनोरंजन के लिए बनाए गए स्वीमिंग पूल का निर्माण भी बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के कर लिया गया था। जिससे अब इन पर कानूनी शिकंजा कसना तय माना जा रहा है।



### सरकारी अफसरों ने खरीदी जमीन

मनगटा इलाके से लगे गांवो में जिले में पदस्थ रहे कई अफसरो ने अपने और परिवार के नाम से व्यापक पैमाने पर जमीन की खरीदी की है। जमीन खरीदने के पहले अफसरो ने राज्य सरकार से अनुमति भी नहीं ली है।

### लगातार जारी रहेगा एक्शन

प्रशासन ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि किसी भी सूरत में अवैध निर्माण और कृषि भूमि के अनाधिकृत उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों को ताक पर रखकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ आने वाले दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी रिसोर्ट संचालकों को तय प्रक्रिया का पालन करना ही होगा। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले ही कलेक्टर जितेंद्र यादव के कड़े निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। उस दौरान प्रशासन ने लगभग 150 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था।

### प्रशासन की आगामी रणनीति

नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में इन रिसोर्टस को सील करने या उनके अवैध हिस्सों को ढहाने की योजना बनाई जा रही है। इस हालिया नोटिस के बाद से ही क्षेत्र के अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और रिसॉर्ट संचालकों में भी भारी खलबली मची हुई है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यह अभियान केवल यहीं नहीं रूकेगा, बल्कि आने वाले दिनों में उन सभी जगहों पर जांच की जाएगी, जहां बिना अनुमति के बड़े तालाब, स्वीमिंग पूल या व्यावसायिक परिसर खड़े कर लिए गए हैं।

# सात केंद्रों में 12 को सीजी पीएससी उपनिरीक्षक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई 2026 को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है तथा परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित संधारण, वितरण एवं परीक्षा उपरांत नियमानुसार संकलन एवं प्रेषण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### निर्धारित समय से पहले पहुंचें

जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से पर्याप्त पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचना सुनिश्चित करें। आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र तथा आयोग द्वारा अनुमत सामग्री ही लेकर आएं।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं नियुक्त अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों से दिशा-निर्देशों का पालन करते समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचने तथा अनुशासन बनाएं रखने की अपील की है।

# रेलवे प्रबंधन ने जारी नहीं किए जांच के आदेश तीन पुलो में आई दरारों पर अब सीमेंट का लेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज धंसने के मामले में रेल प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। पहली ही बारिश में तीन ओवरब्रिज की सड़क धंसकर फटने के बाद यहां रेलवे के डीआरएम ने निरीक्षण किया, लेकिन इस पर जिम्मेदारी तय करने और भ्रष्टाचार की इस पुल पर कार्रवाई के लिए अब तक जांच टीम का कोई अता-पता नहीं है। रेलवे प्रशासन की ओर से जांच दल को लेकर कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन और नागपुर मंडल अंतर्गत राजनांदगांव से डोंगरगढ़ रेल मार्ग के मध्य स्थित ग्राम बरगा, आलीवारा और मुसरा में केन्द्र सरकार की गति शक्ति योजना अंतर्गत 26 करोड़ की लागत से रेल ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण बीते जून माह में ही किया गया है। वहीं जुलाई की पहली बारिश में ही ओवरब्रिज की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।



### तकनीकी परीक्षण के बगैर आवागमन शुरू

ओवरब्रिज में पड़ी दरारों को भरने के लिए निर्माण कंपनी द्वारा इस पर तात्कालिक रूप से दरारों को ढंककर कमियों को छुपाने कंक्रीट डाल दिया गया। जबकि क्षतिग्रस्त हुए पुल की सड़क का तकनीकी इंजीनियर द्वारा परीक्षण किया जाना चाहिए था। इसके बाद ही इस सड़क को आवागमन के लिए खोलना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बिना तकनीकी इंजीनियरों के निरीक्षण के ही ओवरब्रिज पर कंक्रीट डालकर इसे शुरू कर दिया गया है। नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किए जाने से पुल की सड़क बारिश का पहला पानी भी नहीं झेल पाई। स्थानीय लोग इस घटिया निर्माण पर जांच की मांग भी कर रहे हैं। इसके बावजूद जांच कार्रवाई को लेकर तत्परता दिखाई नहीं दे रही है।

### सांसद ने लिखा मंत्री को पत्र

नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के मामले को लेकर सांसद संतोष पांडे ने इसे गंभीरता से लिया है और किसी भी संभावित दुर्घटना को लेकर ऐतिहासिक बरतने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। वहीं उन्होंने इस पूरे मामले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा है कि जून माह में ही लोकार्पित ब्रिज में 60 से 70 फीट लंबी एवं 15-20 सेंटीमीटर की चौड़ी दरारें आ चुकी है। ओवरब्रिज आवागमन के योग्य नहीं है। उन्होंने कहा है कि बारिश का पानी रेलवे ओवरब्रिज की नींव में जाने के कारण मिट्टी धंसकने से ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ है, जो कि निर्माण में गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। संसद ने इस पर रेल मंत्री से ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में लापरवाही की जांच कराकर दोषी फर्म और अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने मांग की है।

# एनएच में व्याप्त समस्याओं, नियम विरुद्ध टोल वसूली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 93 ठाकुरटोला टोलप्लाजा और राष्ट्रीय राजमार्ग में अव्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस ने कहा कि संबंधित संस्थाओं की लापरवाही के कारण आम नागरिकों को प्रतिदिन अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ठाकुरटोला टोलप्लाजा में एक लेन बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग रही है। जिससे समय एवं ईंधन की अनावश्यक बर्बादी हो रही है। वहीं आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस रही है।

### सीजी-08 वाहन से भी वसूली

स्थानीय लोगों के विरोध और मांग पर टोल प्लाजा में शासन द्वारा राजनांदगांव पासिंग 08 सीरीज वाहनों को टोल शुल्क से मुक्त रखे जाने के बाद भी नियमों के विपरीत टोल वसूला जा रहा है। इस पर कांग्रेस ने इसे शासन के निर्देश एवं नागरिकों के अधिकारों का हनन बताते जांच कार्रवाई करने मांग की है।



### राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढों से दुर्घटना

कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। जिसमें बारिश का पानी भरने से दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से अंधेरा पसरा हुआ है। कांग्रेस द्वारा सभी लाइटों की तत्काल मरम्मत कर नियमित संचालन करने मांग की गई है।

### आंदोलन की चेतावनी

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि बाईपास चौराहे पर निर्मित रोटरी का आकार तकनीकी मानकों के अनुरूप सही नहीं होने से भारी वाहनों को मोड़ने में कठिनाईयां होती है। इसके कारण कई बार वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इसकी तकनीकी समीक्षा कर आवश्यक सुधार कराया जाए। वहीं विशेषज्ञों से तकनीकी परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उसका आकार एवं डिजाइन संशोधित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते कहा कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रेम रुचंदानी, अशोक पंजवानी, विनय झा, राजा तिवारी सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### अवैध शराब जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब रखे आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिससे 36 नग अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

डोंगरगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोहड़ तिराहा चौक के पास अधिक मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर किसी का इंतजार कर रहा पुलिस ने उसे पकड़कर नाम-पता पूछने पर अपना नाम कौशल यादव 20 वर्ष निवासी मुंजालपाथरी थाना गैंदाटोला बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से काले रंग के बैग में 36 नग अंग्रेजी शराब बाम्बे गोवा व्हीस्की कीमती 4,320 रुपए बरामद हुई। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध होना पाए जाने से समक्ष गवाहों के उक्त शराब को विधिवत जब्त किया गया।

## शहर में लगातार हो रहे हादसे में घायल हो रहे लोग

# सड़क पर दिखने लगा मवेशियों का जमघट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश थमते ही सड़क पर मवेशियों का जमघट दिखाई देने लगा है। यहां नेशनल हाईवे से लेकर शहर की मुख्य सड़कों, स्टेट हाईवे में दर्जनों गौवंश के बैठने से दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। जिसमें लोगों के जान जाने के साथ ही मवेशियों की मौत भी हो रही है।

बारिश के बाद मौसम में ठंडकता आने और सड़कों पर वाहन के चलने से सड़कें गर्म होने की वजह से मवेशियों का जमघट सड़कों के बीच बना रहता है। खासकर रात के वक्त बैठी मवेशी दूर से नजर नहीं आती है। जिससे कई बार लोग गिरकर घायल हो जाते हैं और उनकी जान भी चली जाती है।

### यातायात हो रहा बाधित

एक तरफ नगर निगम का अमला शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने तोड़फोड़ में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर बैठे मवेशी यातायात बाधित कर रहे हैं। बीते दिनों शहर के आरके नगर के समीप ही सड़क हादसे में एक युवती की मौत हुई थी। वहीं इसी जगह पर मवेशियों का अक्सर जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है।



### इन सड़कों पर मवेशी

मवेशियों का जमघट शहर के चिखली, रेवाडीह, नया बस स्टैंड, पीटीएस, मेडिकल कॉलेज रोड, नंदई चौक, नेहरू नगर रोड, मोहारा रोड, पुराना गंज रोड, कृषि उपज मंडी, महामाया चौक, कमला कॉलेज रोड़ सहित अन्य सड़कों पर देखा जा रहा है।

### नहीं चल रहा अभियान

मवेशियों की पकड़ के लिए नगर निगम के पास काऊकेचर तो है, लेकिन मवेशियों को पकड़ने का अभियान फिलहाल सड़क पर दिखाई नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से हर तरफ मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ है।

### शहर के बीच डेयरी

शहर के बीच संचालित डेरी फार्म की वजह से मवेशियां सड़क पर नजर आ रही है। नगर निगम द्वारा ऐसे डेयरी संचालकों को शहर से बाहर व्यवसाय करने भी कहा गया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ है।

# नाबालिग को ले भागा, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना घुमका में वर्ष 2023 में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण नाबालिग बालिका से संबंधित होने से लगातार पुलिस टीम गठित कर तकनीकी सहायता से अपहता व अज्ञात आरोपी का पतासाजी लगातार किया जा रहा था। अपहता व आरोपी मिलने पर विवेचनाक्रम में घटना दिनांक को आरोपी द्वारा अपहता को बहला-फुसलाकर व भगाकर जबर्दस्ती ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने से प्रकरण में धारा–366, 376(1) 376(2) झ भादवि व 4(2), 6(1), 8 पाक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई। आरोपी दिलेश्वर टोंडे 25 साल को 7 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया है।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

– संपर्क करें –
9243901653

## खबर संक्षेप



### चार युवा शामिल हुए कांग्रेस में

**छुरिया।** विधायक भोलाराम साहू की कार्यशैली से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत कुमर्दा के चार युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप घावड़े की उपस्थिति में लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में डेविड कौशल, हीरेन्द्र पिस्दा, भावेश साहू एवं राकेश चुरेन्द्र शामिल हैं। विधायक साहू ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मोहित भुआर्य, चन्द्रकला, कोमल मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला सरपंच संघ में शरद, सुनीता शामिल




**डोंगरगांव।** जिला सरपंच संघ की कार्यकारिणी का गत दिनों गठन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लाक के आधा दर्जन सरपंचों को शामिल किया गया है। मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत कोहका के सरपंच दानेश्वर शरद वैष्णव को कार्यकारिणी में संगठन सचिव बनाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत खुर्सीपार की सरपंच कुंती साहू को उपाध्यक्ष, कुतुलबोड़ भांठागांव के सरपंच रोहित साहू को संरक्षक, ग्राम पंचायत पेंडरवानी की सरपंच मेघा साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में दूसरी बार निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू और ग्राम पंचायत आरी की सरपंच सोनम निषाद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### परिक्रमा पथ निर्माण के पक्ष में गाजमर्रा के ग्रामीण



**डोंगरगढ़।** शहर में प्रस्तावित परिक्रमा पथ के निर्माण को ग्राम पंचायत गाजमर्रा के ग्रामीणों ने अपना समर्थन दिया है। सरपंच लोचन वर्मा ने कलेक्टर के नाम पर एक पत्र डिप्टी कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा को सौंपकर परिक्रमा पथ निर्माण कराने का आग्रह किया है। सरपंच श्री वर्मा ने बताया कि गत दिनों आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से परिक्रमा पथ निर्माण के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया था। ग्रामीण इस कार्य को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि परिक्रमा पथ ग्राम पंचायत गजमर्रा की सरहद से चिचोला रोड, गाजमर्रा, विश्राम बाड़ी के पास से जटाशंकर मंदिर होते हुए चन्द्रगिरी एवं श्रीयंत्र की ओर जाएगा। इस मार्ग के बनने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि परिक्रमा पथ का निर्माण शीघ्रता से कराया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के विकास को ऊंचाई मिल सके।

### गली में बढ़ी कीचड़



**डोंगरगढ़।** ग्राम मुसरा खुर्द का आबादी पारा की गलियों में इन दिनों दलदल हो गई हैं। कीचड़ और फिसलन के कारण बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं का पैदल चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मोहल्ले में सीसी रोड निर्माण के लिए 3 वर्ष पूर्व विधायक माननीय दलेश्वर साहू ने भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन होने के बाद भी अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। संबंधित विभाग निर्माण कराने में रूचि नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक दलेश्वर साहू, कलेक्टर एवं जनपद पंचायत से हस्तक्षेप कर सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## सड़क और खेतों में लबालब पानी, बोनी बाधित

# बारिश ने बढ़ाई लोगों की दिक्कतें

### शहर और गांव में पानी जाम की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम चैतूखपरी की गलियों में नाली एवं जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क निर्माण होने से हालात पहले जैसे हालात बने हुए हैं। बारिश होने पर गांव की सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है तो पानी जमा रहने से आवाजाही करने में परेशानी होती है। कई स्थानों पर पानी निकासी की समस्या वर्षों से बनी हुई है जिसका समाधान नहीं होने से ग्रामीणों को गंदगी लांघते हुए गुजरना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गलियों और सड़कों पर बारिश का पानी घुटनों तक भर जाता है। गांव में कांक्रीट सड़क निर्माण होने के बाद भी जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करने से यह स्थिति निर्मित हो रही है। कांक्रीट सड़क बनने के बाद भी लोगों को गंदगी से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव होने के कारण उनका घरों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

#### नाली में डाला मलबा

*ग्राम पंचायत मेढ़ा में नाली एक बड़ी समस्या बन गई है। नाली के सामने पुराने पंचायत भवन का मलबा डाल दिया गया है जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है। लगातार जलभराव की स्थिति बने रहने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। यह निकासी मार्ग पिछले तीन माह से अवरुद्ध है। लंबे समय बाद भी न तो मलबे को हटाया गया और न पानी निकासी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। निकासी व्यवस्था नहीं होने से आसपास के घरों में पानी भरने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मलबे का हटा कर पानी की निकासी को सुचारु करने की मांग की है।*



#### अतिक्रमण से पानी निकासी बाधित

*चांदमारी पहाड़ी से बहने वाले बरसाती पानी की निकासी बाधित होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का पानी टिकरापारा होते हुए अछोली की सीमा पर स्थित खेत से लगकर बने नाला से होकर बहता है। इस नाला की अधिकांश भूमि पर अतिक्रमण कारियो ने कब्जा कर लिया है जिससे पानी की निकासी किसानों के खेत से हो रही है और किसानों का कार्य कृषि प्रभावित हो रहा है। किसानों ने बताया कि पानी इतना अधिक है कि अनेक किसानों के खेतों में घुटने तक पानी भर गया है।*

## कुमर्दा को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

■ डिप्टी सीएम से मिले ग्रामीण

उपमुख्यमंत्री अरुण साव से जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू के नेतृत्व में कुमर्दा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की है।

श्रीमती साहू के साथसरपंच नुनकरण भुआर्य, विजय कोसमा, कांतिलाल साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन साहू, गंसू कोलियारे, कोमल कुंजाम, लक्ष्मण पिस्दा, मिलेन्द्र टांडेकर ने रायपुर जाकर उप मुख्यमंत्री से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत कुमर्दा की जनसंख्या, व्यापारिक गतिविधियों, शहरीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना आवश्यक है।

नगर पंचायत का दर्जा मिलने से सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं का बेहतर विकास संभव होगा। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री से जनहित एवं क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत को नगर पंचायत घोषित करने की मांग की। उप मुख्यमंद्धी ने मांग पर सकारात्मक विचार कर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।

## रेलवे रैक आबंटन और लोडिंग पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय रेलवे स्टेशन की पीवीआरएमएस लोडिंग साइडिंग में रैक आबंटन और लोडिंग प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि रैक आबंटन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और कथित दलालों के माध्यम से सौदेबाजी की जा रही है जिससे रेलवे को नुकसान होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार गत 5 जुलाई को एक बीसीएन रैक सुबह करीब 7 बजे स्टेशन पहुंची। सुबह 8.30 बजे उसे पीवीआरएमएस साइडिंग में प्लेसमेंट दे दिया गया किन्तु तब बारिश हो रही थी। रेलवे के नियमानुसार बारिश रुकने के बाद लोडिंग किया जा सकता था, लेकिन शाम 5 बजे तक रैक में चावल की बोरी लोड नहीं किया गया। सूत्रों का कहा है इस संबंध में मंडल कार्यालय को भेजी गई रिपोर्ट में भारी बारिश के कारण लोडिंग नहीं होना बताया गया। आरोप है कि वास्तविक स्थिति से अलग रिपोर्ट भेजने से रेलवे को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

*इस मामले में नागपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विशाल गर्ग ने कहा कि कारण कुछ भी हो किन्तु जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

## एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन जरूरी, तभी मिलेगा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी व सरल तरीके से उपलब्ध कराने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन सहित आवश्यक संशोधन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पात्र किसानों से निर्धारित अवधि में पंजीयन व संशोधन कराने की अपील की गई है, ताकि वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें।

कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ वर्ष 26 में धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों का उत्पादन करने वाले पात्र किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़, दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की खेती करने वाले पात्र किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि दी जाएगी। इस योजना से किसानों की आय बढ़ाने के साथ जल संरक्षण व फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

#### एमएसपी बढ़ा, लाभ लेने की अपील

*एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत एवं संशोधित किसानों की दलहन, तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 26-27 के लिए विभिन्न खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। इसके तहत अरहर का एमएसपी 8,450 रु, उड़द का 7,800 रु, मूंग का 8,780 रु और सोयाबीन का 5,708 रु प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराकर कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री अन्नदाता संरक्षण अभियान के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदी, बीज उत्पादन कार्यक्रम सहित कृषि व उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी संबंधित सेवा सहकारी समिति में पहुंचकर समय-सीमा के भीतर पंजीयन, संशोधन की प्रक्रिया समय पर पूरा करा ले ताकि उन्हें शासन की योजनाओं व समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय का पूरा लाभ मिले।*

## पुल पर दरारें, धंसने लगी सड़क कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा

■ उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने आलीवारा, बरगा रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल पर दरारें, सड़क के धंसने और कई स्थानों पर दरारों की लीपापोती कर वास्तविक स्थिति छिपाने का प्रयास दिखाई दिया।

निरीक्षण के दौरान जिला इंका अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांति बंजारे, अनिश खान, पंकज बांधव, विष्णु लोधी, शिशुपाल भारती, विजयराज सिंह, दुर्गेश द्विवेदी, जावेद मेमन, मतीन खान, अमीत अग्रवाल, चुम्मन साहू, विश्राम वर्मा, भगवती वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



#### गड़बड़ी के कारण हुआ पुल क्षतिग्रस्त

*निरीक्षण के बाद जिला इंका के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि करोड़ों की लागत से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज का पहली बारिश में क्षतिग्रस्त होना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण होता तो पुल इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होता। कांग्रेस ने पूरे निर्माण की उच्च स्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस ने एप्रोच रोड के लिए जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है को मुआवजा राशि देने की मांग की है।*

## वेसलियन स्कूल में मना प्रवेश उत्सव

### नए शिक्षा सत्र की शुरुआत बच्चों के स्वागत के साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर वेसलियन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें चाकलेट से मुंह मीठा कर शिक्षा के नए सफर के लिए शुभकामना दीं।

प्राचार्य एस मसीह व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य एस मसीह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे उत्साह, लगन और सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन कर अपने जीवन में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन व सहयोग का विश्वास दिलाया।

## किशोरियों को लगाई गई एचपीवी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ निजी स्कूलों में भी लगाया जा रहा एचपीवी वैक्सीनेशन

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरी गति से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के निजी स्कूलों में 102 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया। जिले में अब तक 4010 किशोरी बालिकाओं को चिकित्सकों की निगरानी में एचपीवी टीकाकरण किया गया है। जिसमें टीकाकरण उपरांत कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत लक्षित 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष तक की बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल एवं अन्य शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक दी जा रही है। पारदर्शिता और बेहतर रिकॉर्ड के लिए इस पूरी प्रक्रिया को यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जहां लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है।



चिकित्सकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सही उम्र में ली गई एचपीवी सिंगल-डोज वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 से 100 प्रतितक प्रभावी है। एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और जांची-परखी है। टीका लगवाने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। अभियान के तहत शिक्षा विभाग तथा निजी एवं शासकीय हाई स्कूलों में शिविर लगाकर वैक्सीनेशन किया जाएगा। डॉ. नवरतन ने सभी अभिभावकों, स्कूल एवं सामाजिक संगठनों से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देने तथा माता-पिता अपनी बेटियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित सत्रों में ले जाकर एचपीवी वैक्सीन का सुरक्षा कवच लगवाने की अपील की है।

### गांव में रोपे गए पौधे

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़े अचानकपुर के छात्र

**गंडई पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पौधे रोपे और प्रकृति को सहेजने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम ने कहा कि वृक्षारोपण को केवल रस्म नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वह अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। श्री मरकाम ने कहा कि पौधे को रोपना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण और उसे वृक्ष बनते तक उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रधान पाठक पन्नालाल जघेल ने छात्रों को वृक्षों के लाभों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि वह हमारे सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संतुलन के आधार हैं।



#### जन आंदोलन बनाने का संकल्प

*इस अवसर पर शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के साथ स्कूल परिसर में विभिन्न पौधे रोपे। अंत में सभी ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा करने की शपथ ली।*



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डॉ. मुखर्जी के योगदान पर डाला प्रकाश

**डोंगरगढ़।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी की जयंती के अवसर पर मंडल ग्रामीण भाजपा ने ढारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण पर प्रकाश डाला।

### पदोन्नत शिक्षिका को विदाई



**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर की शिक्षिका कांति साहू के प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत होने पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी। श्रीमती साहू 2017 से शाला में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ थी। पदोन्नति के पश्चात वह प्राथमिक शाला घोघरे में प्रधानपाठक बनी है। विदाई समारोह में उन्हे स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल, डायरी, पेन तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदाई पश्चात शाला परिवार एवं ग्रामवासी उन्हे लाममेटा तक पहुँचाने गए। कार्यक्रम में शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, गजेन्द्र चौधरी, रामनारायण साहू, हेमलाल सहारे, चेतन मानिकपुरी, रामदास मानिकपुरी, अरुणलता सहारे, कीर्तन साहू, हेमसिंह चंद्रवंशी, हृदयराम यादव, गोपीराम साहू, अजय यादव, केजू साहू, दयाराम साहू, अमरसिंह मंडावी, चंद्रिका साहू, गिरजा यादव, लोकेश्वरी साहू, रूपा साहू, सरोज चंद्रवंशी, चमारिन चंद्रवंशी, अहिल्या सेन, पुष्पा नांदेश्वर, गौतर कुंजाम, कमला साहू, नेमा सहारे, कलेन्द्री साहू, दानीबाई सहित अन्य मौजूद थे।

### मोहड में सामाजिक भवन का लोकार्पण



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 49 के मोहड में विधायक निधि अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से निषाद समाज सामाजिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में सामाजिक बुंधओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद संजय रजक सहित निषाद समाज के अध्यक्ष गणेश सातर, उपाध्यक्ष भुवन निषाद, सचिव दिलहरण निषाद, कोषाध्यक्ष हेमनाथ निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि सामाजिक बंधुओं की मांग पर विधायक निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिए एक उचित स्थान मिल गया।

### आईजी ने ली रेंज स्तरीय बैठक, पुलिस अधीक्षकों ने बेहतर प्रयासों को बताया

# जनोन्मुखी पुलिसिंग पर जोर बेसिक पुलिसिंग प्रभावी बनावे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव ने रेंज स्तरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, बेसिक पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने, नवाचारों को रेंजभर में लागू करने एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा 7 जुलाई को नवनिर्मित पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर, मोहला में रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन के पश्चात बेसिक पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार कर थाना स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। बैठक के दौरान रेंज के विभिन्न जिलों द्वारा किए जा रहे नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिनकी पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सराहना करते आवश्यकतानुसार अन्य जिलों में भी लागू करने के निर्देश दिए गए।

## नवाचारों को रेंज भर में लागू करने पर जोर




### डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल बुक का विमोचन

*पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा द्वारा नवाचारी पहलों की जानकारी दी गई। पुलिस महानिरीक्षक ने इन पहलों की सराहना करते अन्य जिलों में भी आवश्यकतानुसार लागू करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, पुलिस बैंक, पुलिस कैंटीन एवं प्ले स्कूल जैसी पुलिस कल्याणकारी योजनाओं तथा अपराध नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा तैयार डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल बुक का पुलिस महानिरीक्षक द्वारा विमोचन किया गया।*

### अभिनव पहल की दी जानकारी

*पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा पहल अभियान, युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं रीडिंग रूम, कोटवार-पुलिस मित्र-गुड सेमेरिटन नेटवर्क, सरपंच एवं कोटवार सोशल मीडिया ग्रुप, कानून-व्यवस्था हेतु क्विक रिस्पोंस टीम रोस्टर सिस्टम तथा किशोर अपराधों की रोकथाम के लिए किशोर पंजी जैसी अभिनव पहलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। ग्रासरूट स्तर पर प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से अपराधों, विशेषकर चाकूबाजी की घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों की भी जानकारी दी गई।*

### ई-बीट सिस्टम की प्रस्तुति

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह द्वारा जिले में विकसित ई-बीट सिस्टम का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसकी पुलिस महानिरीक्षक एवं रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों ने सराहना की। इसके अतिरिक्त जिले को नक्सल मुक्त बनाने हेतु किए जा रहे प्रयास, पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर, आधुनिक कंट्रोल रूम, नक्सल पुनर्वास केंद्र, पुलिस लाइन में विकसित आधारभूत सुविधाओं एवं अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।*

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बैठक के समापन उपरांत पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव के मुख्य आतिथ्य में रक्षित केंद्र, मोहला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर तुलिका प्रजापति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह पटेल सहित रेंज के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

# गौवंशों की मौत और पत्रकारों पर जानलेवा हमले का विरोध

- कांग्रेस ने कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन
- प्रतिनिधि मंडल ने दोनों मामलों में कार्रवाई की उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जिले से जुड़े दो गंभीर मामलों को लेकर पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने डोंगरगढ़ स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में लगातार हो रही गौवंशों की मौत तथा युवा पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने बयान जारी कर बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के समक्ष डोंगरगढ़ स्थित शासकीय अनुदान प्राप्त श्रीकृष्ण गौशाला में विगत चार माह के दौरान आवारा कुत्तों के हमले से 15 से अधिक गौवंशों की मौत का मामला गंभीरता से उठाया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि गौशाला प्रबंधन की घोर लापरवाही, सुरक्षा व्यवस्था की विफलता तथा गौवंशों के संरक्षण के प्रति उदासीनता का परिणाम है। गौवंशों की सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी गौशाला समिति की होने के बावजूद लगातार हो रही मौतें अत्यंत चिंताजनक है।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि गौवंशों की सुरक्षा के नाम पर सरकारी अनुदान लेने वाली संस्थाओं की जवाबदेही तय होना आवश्यक है। यदि गौशाला में ही गौवंश सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे तंत्र की विफलता है। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी समिति पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने तथा गौशाला में तत्काल प्रभाव से प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी तथा जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मुलाकात कर सनसिटी कॉलोनी के समीप युवा पत्रकार सौरभ ताम्रकार एवं योगेश साहू पर तेज रफ्तार कार से टक्कर मारने की घटना को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताते आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

### गिरफ्तारी की मांग

*जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पत्रकारों पर जानलेवा हमला किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। घटना में प्रयुक्त वाहन पुलिस द्वारा जब्त किए जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंता का विषय है। उन्होंने हत्या के प्रयास सहित सभी प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई करते आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी को आज ही भगोड़ा घोषित करने की विधिक प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी तथा शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।*

# फिर बहा पुल, थम गई लोगों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

बारिश के बाद जामरी का संपर्क अन्य गांव से टूट गया है। बीते चार दिनों ग्रामीण अपने ही गांव में कैद होकर रह गए हैं।

जानकारी के अनुसार जामरी मार्ग पर स्थित नदी का पुल दो साल पहले टूट गया था। विभाग द्वारा मरम्मत नहीं कराने के बाद ग्रामीण क्षतिग्रस्त हिस्से में मिट्टी डालकर जैसे तैसे आवाजाही कर रहे थे। बीते दिनों भारी बारिश होने के बाद पुल में डाली गई पूरी मिट्टी बह गई है जिससे गांव का संपर्क तो टूट गया साथ ही लोगों की आवाजाही थम गई है।

### ग्रामीणों में नाराजगी

इन दिनों आवागमन के बंद होने से ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है। वहीं मरम्मत में की जा रही लापरवाही से ग्रामीणों में गुस्सा पनपने लगा है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



### बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

*ग्रामीणों ने बताया कि पुल की स्थिति से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हर साल बारिश के दिनों में यह स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि अंचल के लोगों की आवाजाही का मुख्य मार्ग होने के कारण नदी पर स्थाई पुल बनाना आवश्यक हो गया है। पुल टूटने के बाद से बच्चों को स्कूल जाने और मरीजो को दवाखाना जाने में बहुत परेशानी हो रही है।*

## जिले भर में अब तक 1708.2 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव।** जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1708.2 मिमी बारिश एवं औसत 244 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 273.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 289.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 332.5 मिमी, घुमका तहसील में 122 मिमी, छुरिया तहसील में 200.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 259.3 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 230.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 332.5 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 40.5 मिमी एवं औसत 5.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 8.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 3 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 8.1 मिमी, घुमका तहसील में 9.5 छुरिया तहसील में 1.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 9.5 मिमी दर्ज की गई है।

# भाजपा किसान मोर्चा मंडल की सूची जारी

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने किसान मोर्चा के 5 मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। यथाशीघ्र शेष 2 मंडलों की सूची जारी कर दी जाएगी।

तिलई मंडल अध्यक्ष निलाभ यदु, उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा, नेमूराम वर्मा, जीवन धनकर, महामंत्री पूनम देवांगन, संतोष साहू मंत्री विनोद वर्मा, केदार ठाकुर, नेतराम साहू, कमल वर्मा, मीडिया प्रभारी शीतल वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी डोमार साहू, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरदेव वर्मा, उपाध्यक्ष गुलाय वर्मा, तीरथ पटेल, युवराज वर्मा, नंदकुमार साहू, महामंत्री हुम्मन वर्मा, उदय सिन्हा, मंत्री तेजराम वर्मा, केशव वर्मा, सुरजीत वर्मा, राजेन्द्र जंघेल, कुशल जैन, कोषाध्यक्ष दुवार वर्मा, मीडिया प्रभारी, देवकुमार वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र यादव, मुसरा-मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष भीखूराम साहू, उपाध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, टुम्मनलाल पटेल, महावीर साहू, ओमकार वर्मा, महामंत्री दुर्गश डड़सेना, दिनेश कुमार साहू, मंत्री ब्रम्हा वर्मा, फत्तेलाल देवांगन, दिलीप सिन्हा, ललित सिन्हा, गुलापा मरकाम, कोषाध्यक्ष रामलाल यादव, मीडिया प्रभारी पवन वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश वर्मा को शामिल किया गया।

### तुमड़ीबोड़ मंडल के अध्यक्ष बने जितेन्द्र

*इसी तरह तुमड़ीबोड़ मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष भुवन साहू, संतोष पटेल, नेतराम साहू, जिवराखन वर्मा, धनंजय, महामंत्री कमलेश साहू, छगन पटेल, मंत्री खेमलाल पटेल, मन्नना साहू, जनक यादव, हेमलाल कंवर, दुधेलाल यादव, कोषाध्यक्ष प्रभात साहू, सह-कोषाध्यक्ष मंथीर चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी गोविंदा साहू, सह-मीडिया प्रभारी त्रिलोचन साहू, कार्यालय प्रभारी दानीराम वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता तुलेश वर्मा, सह-कार्यालय प्रभारी गदीश धनकर, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष डोमेश्वर साहू, धरमराज भुआर्य, तिजुराम साहू, फत्तेराम साहू, महामंत्री दीपक कलाम, गणपतराम साहू, मंत्री अदलीराम साहू, थानुराम देवांगन, मदनलाल साहू, संतोष साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, मीडिया प्रभारी चंद्रकुमार साहू, सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप धुर्वे को शामिल किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि किसान मोर्चा सदैव से ही किसान हित के लिए संघर्षशील रही है।*

# राम जी के धन की सुरक्षा में चौकीदार फेल

**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने भगवान राम के धन और देश की जमीन की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को देश का चौकीदार बता चुके हैं। राम मंदिर के मामले में हमेशा अगवा रहे हैं, लेकिन राम जी की धन की सुरक्षा में उनकी बड़ी चूक कैसे हो गई। उधर अरुणाचल प्रदेश में चीन हमारे किसानों की जमीन हड़प रहा है और चौकीदार शायद इतने सालों में छुट्टी नहीं लेने के कारण थपकी ले रहा है, जिस वजह से राम जी की धन की चोरी हुई और अरुणाचल में हमारे देश की जमीन की चोरी हुई है, लगता है हमारे सबसे बड़े चौकीदार को लंबे आराम की जरूरत है।



श्री पिल्ले ने जारी बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा कि देश की जनता ने जिस चौकीदार पर भरोसा जताया था, वही आज देश की संपत्ति और सीमाओं की सुरक्षा करने में असफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों तक खुद को देश का चौकीदार बताया और राम मंदिर आंदोलन से लेकर भगवान राम के नाम पर राजनीति करने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। ऐसे में यदि भगवान राम के नाम पर एकत्रित धन की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए। श्री पिल्ले ने कहा कि दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश में चीन लगातार भारतीय सीमा के भीतर अतिक्रमण करने और भारतीय भूमि पर अपने दावे जताने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन खुलेआम भारतीय जमीन पर कब्जे की कोशिश कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर अपेक्षित कठोरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने तंज कसते कहा कि लगता है देश के सबसे बड़े चौकीदार ने वर्षों से छुट्टी नहीं ली, इसलिए अब उन्हें लंबे आराम की जरूरत है। शायद इसी वजह से एक तरफ रामजी के धन की सुरक्षा में चूक हुई और दूसरी तरफ देश की सीमाओं की निगरानी भी कमजोर पड़ गई।

## चयन परीक्षा परिणाम के संबंध में दावा-आपत्ति 9 को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा परिणाम का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़. चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है। अभ्यर्थी जारी परीक्षा परिणाम के संबंध में दावा-आपत्ति 9 जुलाई 2027 को शाम 5 बजे तक संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# किसानों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की ग्राम पंचायतों में किसानों को शासन की कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामसभा एवं कृषक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने किसानों को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने व्यापक प्रचार-प्रसार करते पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सम्बलपुर में आयोजित ग्रामसभा में फसल परिवर्तन एवं फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी दी गई। किसानों को शासन द्वारा धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करने पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि, संतुलित उर्वरक उपयोग, बीजीए टांका निर्माण, फसल बीमा योजना तथा अन्य कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### विस्तार से अवगत कराया

*इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिवनीकला में आयोजित कृषक चौपाल में फसल विविधीकरण के अंतर्गत धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती करने पर शासन द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन तथा पीएम-आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन की खरीदी संबंधी जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग एवं उनके लाभों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत दैहान, कुहीकला, साल्हे एवं रतनभाट में भी कृषक चौपाल आयोजित कर किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, फसल विविधीकरण, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा शासकीय प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।*

## निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र से स्पोर्ट्स हॉस्टल तक पहुंची प्रतिभाएं

# खेलो इंडिया व राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पटरी पार क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने चलाए जा रहे निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण अभियान ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम्‌ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन प्रतिष्ठित आवासीय खेल संस्थाओं में हुआ है।

चयनित खिलाड़ियों में मोनिष्का विश्वकर्मा का चयन स्पोर्ट्स हॉस्टल रायपुर के लिए हुआ है। जबकि जान्हवी मेश्राम एवं गौरांग निषाद का चयन बिलासपुर स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुआ है। तीनों खिलाड़ियों का चयन रायपुर एवं बिलासपुर में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं मेरिट के आधार पर किया गया।

### पटरी पार क्षेत्र के बच्चों का हॉकी में सुनहरा भविष्य

*छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि पटरी पार क्षेत्र में चल रहे निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण शिविर से बड़ी संख्या में बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ हॉकी, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं शहर के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन से क्षेत्र में हॉकी खेल को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और आने वाले समय में पटरी पार क्षेत्र से कई और खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।*



### बच्चों को मिल रही नई दिशा

*हॉकी कोच मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों ने हॉकी खेल की प्रारंभिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त की। चिखली स्कूल मैदान में चल रहे इस व्यापक अभियान के माध्यम से क्षेत्र के बच्चों को मैदान से जोड़कर नशे से दूरी, स्वस्थ जीवन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।*

### पटरीपार क्षेत्र में उत्साह

*तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पटरी पार क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर शिव वर्मा, सुनील साहू, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, श्रुति लोकेश जैन, सचिन तोरहाटे, ललित नायडू, कुतबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, रमेश डाकलिया, शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, भूषण साव, अजय झा, कुमार स्वामी, प्रकाश शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनूप श्रीवास्तव, मनीष गौतम, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, महेंद्र ठाकुर, संजु पटेल, अब्दुल कादिर, दिग्विजय श्रीवास्तव, राजू रंगारी, योगेश दुवेदी, चंदन वैष्णव, सचिन, जावेद खान, अनीश रजा, आशीष सिंहा, राजेश निर्मलकर, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव, कुशल यादव, संतोष साहू, गोविंद यादव, हारून खान, दीपेश चौबे, रामदास यादव, दिलीप रावत, तौफीक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, तरुण यादव सहित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी।*

## सार समाचार



राजनांदगांव। नाबार्ड सीजीएम रायपुर परिक्षेत्र से बैंक अध्यक्ष द्वारा बैंक परिचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आज बैंक प्रधान कार्यालय में परिचर्चा किया गया। सीजीएम नाबार्ड प्रायोजित एवं शासन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर बैंक को यथासंभव सहयोग दिए जाने पर जोर दिया गया।

### कृषकों को मौसम आधारित कृषि सलाह

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा किसानों को मौसम आधारित समसामयिक कृषि सलाह दी गई है। सलाह में किसानों से कहा गया कि खरीफ में जिन फसलों की बुआई करनी हो उनकी उन्नतशील जातियों के बीज जैसे धान (इंद्रावती धान, एमटीयू-1153, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान 1919 इत्यादि), सोयाबीन (आरएससी -10-46, आरएससी-11-15, आरएससी -11-07 इत्यादि), अरहर (छत्तीसगढ़ अरहर-1, छत्तीसगढ़ अरहर-2, राजीवलोचन इत्यादि), मक्का (पूसा हाईब्रिड-1, विवेक मक्का संकर-51, सीजी अगेती संकर मक्का-1 इत्यादि) एवं मूंग (पीकेवीएकेएम-4, मालवीय ज्योति, शिखा इत्यादि) की व्यवस्था जरूर कर लें। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम बादल छाए रहने के साथ ही हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। किसान धान फसल की बुआई का कार्य करें एवं मौसम साफ रहने पर ही निंदानाशक का छिड़काव करें।

### सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन

**राजनांदगांव।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत विचारपुर में आयोजित सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। राशि वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव द्वारा आयोजित शिविर में गांव की महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के साथ बड़े उत्साह और लगन से सिलाई के गुर सीखे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह को राशि वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष संतोषी साहू एवं सचिव तरुण साहू ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और समाज में एक नई पहचान बनाने में मददगार साबित होगा। आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। गांव में ही रहकर इस हुनर के माध्यम से वे खुद का रोजगार शुरू कर सकती है और अपने परिवार को आर्थिक संबल प्रदान कर सकती है। समापन समारोह अवसर पर ग्राम पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधि, राशि वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य, ट्रेनर, गणमान्य ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।



### पहली बारिश में बह गए शहर विकास के दावे : ऋषि



**राजनांदगांव।** मानसून की पहली तेज बारिश ने विकास और मानसून पूर्व तैयारियों की वास्तविक तस्वीर सामने ला दी। जिला अस्पताल में जलभराव से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई, कृषि उपज मंडी में लाखों रुपए का धान भीग गया और शहर के कई वार्ड पानी में डूब गए। कांग्रेस के पूर्व पार्षद एवं दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री ने इसे भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार की विफलता बताते जिम्मेदार अधिकारियों और कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई की मांग की। मानसून की पहली तेज बारिश ने राजनांदगांव शहर में विकास के दावों और प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी है। जिला अस्पताल से लेकर कृषि उपज मंडी और शहर के कई रिहायशी इलाकों तक जलभराव की स्थिति बनने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पहली ही बारिश में शहर की बदहाल व्यवस्था सामने आ गई। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद मानसून पूर्व तैयारियां केवल कागजों तक सीमित रही।


## बिजनेश प्लस

### समदा में दांतों को सीधा करने की सुविधा उपलब्ध

**राजनांदगांव।** अब टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा कराने के लिए पारंपरिक मेटल ब्रेसेस पहनना आवश्यक नहीं है। समदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसंतपुर स्टेडियम रोड राजनांदगांव में अब विश्वस्तरीय क्लियर अलाइनर्स उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस उपचार का नेतृत्व डॉ. दीपिका जैन (बीडीएस, एफसीसीडी मुंबई, एमडीएस ओथडोटिस), सर्टिफाइड इनविज़लाइन प्रोवाइडर द्वारा किया जा रहा है। इनविज़लाइन एक आधुनिक तकनीक है। जिसमें पारदर्शी और कस्टम-मेड अलाइनर्स की मदद से दांतों को धीरे-धीरे सही स्थिति में लाया जाता है। ये अलाइनर्स लगभग दिखाई नहीं देते, इसलिए मरीज आत्मविश्वास के साथ अपनी दैनिक दिनचर्या, नौकरी, व्यवसाय या सामाजिक कार्यक्रमों में बिना किसी झिझक के शामिल हो सकते हैं। पारंपरिक मेटल ब्रेसेस की तुलना में इनविज़लाइन के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं। इनमें तार या ब्रैकेट नहीं होते, इसलिए होंठ और गाल में जलन या चोंट की संभावना कम रहती है। साथ ही बार-बार क्लिनिक आने की आवश्यकता भी अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में उपचार का समय भी कम हो सकता है। डॉ. दीपिका जैन ने बताया कि प्रत्येक मरीज के दांतों की स्थिति का डिजिटल मूल्यांकन कर व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार की जाती है। जिससे सुरक्षित, सटीक और बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।


## कलेक्टर ने ली टीएल की बैठक, विभागीय कामों की समीक्षा

# बारिश में प्रभावी जल निकासी और स्कूलों में आधार सत्यापन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते सभी नगरीय निकायों में जलभराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायतों, सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, साप्ताहिक समय-सीमा, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा सत्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने तथा सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



#### गंभीर बीमारियों से होगा बचाव

*जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। भारत सरकार द्वारा संचालित इस अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को अभिभावकों एवं बच्चों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है। 4281 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है।*

#### सोलर पैनल स्थापना पर फोकस

*कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापना का कार्य तेजी से कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में अब तक 3 हजार 828 हितग्राहियों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे वे स्वयं ऊर्जा उत्पादक बन चुके हैं और उन्हें अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आर्थिक लाभ भी मिल रहा है।*

#### स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

*कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग का कार्य अनिवार्य रूप से तेज गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर सोनोग्राफी, उपचार, आवश्यक दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मोबाइल के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।*

### नव नियुक्त नामांकित पार्षदों का निगम में हुआ स्वागत



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर निगम राजनांदगांव के लिए मनोनित 8 नामांकित पार्षदों के नाम का विधिवत आदेश जारी किया गया। उक्त नामांकित पार्षदों का आज निगम सभागृह में महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया। महापौर श्री यादव ने कहा कि सभी मनोनित पार्षदों का मै निगम परिवार की ओर से स्वागत करता हूॅ। पार्षदों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों का हमारा निगम परिवार है, जिसमें हम सब मिल जुलकर शहर विकास के लिए काम करते है। अब हमारे नामांकित पार्षद भी हमारे इस परिवार से जुड़ गये। उन्होने कहा कि नगरीय निकाय एक ऐसी संस्था है, जंहा सुबह से रात तक काम रहता है और उनका मुल काम जनता को मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराना एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होनें कहा कि सभी नामांकित पार्षदों को सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। शहर विकास में आप सब का सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिसके लिए हम सब मिल जुलकर काम करेंगे। नामांकित पार्षद नागेश यदु, करूणा राजपूत, हर्ष रामटेके, सूर्यकांत श्रीवास, मंजू यादव, भीषम देवांगन, कृति बोरकर, देवाशिष झा का महापौर श्री यादव सहित आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री वर्मा ने नामांकित पार्षदों का स्वागत करते हुए कहा कि एक नई उर्जा के साथ शहर विकास के लिए काम करना है।

## एक गलती पड़ सकती है भारी

■ सीएसपीडीसीएल ने जारी की सुरक्षा एडवाइजरी



**राजनांदगांव।** बरसात के मौसम में नमी और पानी के कारण बिजली के करंट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र ने आमजन की सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया है।

कंपनी ने राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी दुर्घटना से बच सकते हैं। बरसात में बिजली के खंभे, एचटी-एलटी लाइन, ट्रांसफार्मर और घरों की वायरिंग में नमी के कारण करंट लीकेज की संभावना बढ़ जाती है। हर साल लापरवाही के कारण करंट लगने से जनहानि की खबरें सामने आती है। इसका मुख्य कारण जानकारी का अभाव और असावधानी है।

सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने कहा कि आंधी-तूफान और बारिश बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति होती है। फीडर में फाल्ट ढूंढना आसान नहीं होता। अंधेरे और बारिश में भी हमारे कर्मचारी लाइन सुधार में जुटे रहते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर 5-10 मिनट रूककर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## नांदगांव में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य पुरीपीठाधीश्वर स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा संचालित राष्ट्र उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शहर के श्री गणेश मंदिर (मिथिलाधाम) में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी, भगवान नाम कीर्तन एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आदित्यवाहिनी इकाई राजनांदगांव एवं स्थानीय क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस दिव्य प्रकल्प में सनातन धर्म की रक्षा और हिंदू राष्ट्र निर्माण पर गहन मंथन हुआ।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आदित्यवाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार दुबे ने जनमानस को संबोधित करते गौरक्षा, हिंदू राष्ट्र की संकल्पना और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सनातन धर्म के मानबिंदुओं से जुड़ने और उनके संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में कवर्धा के जिला अध्यक्ष कुलेश्वर सिंह ने आदित्यवाहिनी की रीति-नीति और उसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ मार्गदर्शक मारुति शरण शर्मा और कवर्धा इकाई के सांस्कृतिक प्रमुख संतोष ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी पश्चात संगठन की मजबूती के लिए आदित्यवाहिनी राजनांदगांव की जिला व नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। जिसममें पीठ परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष दिनेश झा, उपाध्यक्ष सूरज वैष्णव, सचिव ओमप्रकाश ठाकुर, कोषाध्यक्ष नीरज पंचारिया, सह-सचिव प्रकाश मिश्रा, सह-कोषाध्यक्ष हिमांशु खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र लिल्हारे, सांस्कृतिक प्रमुख सागर यादव, नगर अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह रघुवंशी, नगर उपाध्यक्ष गौरव शुक्ला को शामिल किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में श्री गणेश मंदिर के सम्मानित पुजारी, गठुला मंदिर के पुजारी, मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी और मानु का विशेष सहयोग रहा।



## अग्रवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रवाल महिला मंडल राजनांदगांव की वर्ष 2026–2028 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती संतोष राजेंद्र अग्रवाल द्वारा की गई। उन्होंने पदाधिकारियों का अभिनंदन करते महिला मंडल को समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार संरक्षिका के रूप में श्रीमती मणि कमल अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी नत्थूलाल, श्रीमती नीता महेंद्र रुंगटा को दायित्व सौंपा गया है। सचिव पद पर श्रीमती सुषमा रमणीक अग्रवाल नियुक्त की गई है। उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती नीता दीपक अग्रवाल एवं श्रीमती शोभा विवेक अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष पद का दायित्व श्रीमती सारिका संजय अग्रवाल को सौंपा गया है। जबकि सह-सचिव के रूप में श्रीमती स्वाति राहुल अग्रवाल एवं श्रीमती बुलबुल राम अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम संगठन को नई ऊर्जा एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करेगी तथा समाजहित, महिला उत्थान, सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगी।



अध्यक्ष श्रीमती संतोष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि महिला मंडल समाज की महिलाओं को एकजुट कर सेवा, संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाने निरंतर कार्य करेगा। सभी पदाधिकारियों के सहयोग से संगठन नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। महिला संगठन केवल सामाजिक गतिविधियों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में नेतृत्व, सेवा और महिला सशक्तिकरण की मजबूत आधारशिला भी है।

### जिला परिषद व जिला कार्यकारिणी की बैठक

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ शाखा राजनांदगांव की जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला स्काउट-गाइड भवन स्टेट स्कूल राजनांदगांव में आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 तथा प्रस्तावित जिला वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 का अनुमोदन किया गया।

जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुन जांच का आयोजन पर चर्चा की गई। डोंगरगढ़ विखं में जुलाई के अंतिम सप्ताह में जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुन जांच आयोजित किए जाने निर्णय लिया गया। प्रस्तावित जिला एडवेंचर एवं प्रशिक्षण स्थल भूमि गाजमर्रा डोंगरगढ़ विषय पर चर्चा कर आगामी कार्रवाई किए जाने निर्णय लिया गया। रिक्त पुराने शाला भवन मुसरा डोंगरगढ़ को जिला प्रशिक्षण केन्द्र हेतु मांग प्रस्ताव भेजने निर्णय लिया गया।

बैठक में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, जिला उपाध्यक्ष राकेश भावते, जिला उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष उषा चटर्जी, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट प्रवास कुमार सिंह बघेल, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि डॉ. मिलन टेम्भूरकर, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि उत्तम गिडिया, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि संतोष खंडेलवाल, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड भारती रजक आदि उपस्थित थे।

## मुखर्जी के विचारों से ही भारत बना विश्व की सशक्त शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ भाजपा के सभी मंडलों में संगोष्ठी का आयोजन

भाजपा द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती जिलेभर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जिले के सभी 16 मंडलों में स्मरण दिवस एवं संगोष्ठियों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

यशवंत जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता की जिस विचारधारा का निर्माण किया, उसी के मार्ग पर चलकर आज भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डॉ. मुखर्जी के सपनों का भारत साकार हो रहा है। धारा 370 की समाप्ति सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय उनके अधूरे संकल्पों को पूर्ण करने वाले हैं। डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित, त्याग और अदम्य साहस की अमर गाथा है। जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने राजनांदगांव के नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड रखने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले महापुरुष के सम्मान में यह कदम राजनांदगांव की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



इस प्रस्ताव को महापौर मधुसूदन यादव ने गंभीरता से स्वीकार करते मंच से तत्काल अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रस्ताव को राज्य शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सहयोग से इसे शीघ्र मूर्त रूप दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महापौर ने यह भी घोषणा की कि नए बस स्टैंड परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने का भी प्रयास किया जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके राष्ट्रवादी विचारों और बलिदान से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ कोठारी व आभार प्रदर्शन आभा तिवारी ने किया। इस अवसर पर भरत वर्मा, दिनेश गांधी, सचिन बघेल, पूर्णिमा साहू, मनोज निर्वाणी, तरुण लहरवानी, राजा मखीजा, रवि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने किया निरीक्षण

# तीन नए पुल में दरारें, दोषियों पर दर्ज हो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने बरगा रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जून में लोकार्पित करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से बने इस ओवरब्रिज ने पहली ही बारिश में दम तोड़ दिया। पुल के बड़े हिस्से में चौड़ी दरारें उभर आई है और सड़क दो भागों में बंटती दिखाई दे रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचे डीआरएम दीपक गुप्ता के समक्ष जितेंद्र मुदलियार ने घटिया निर्माण, निर्माण एजेंसी और प्रभारी इंजीनियर की भूमिका पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर ओवरब्रिज का पुनर्निर्माण कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों को हर हाल में जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।



श्री मुदलियार ने कहा कि यह केवल एक पुल की नहीं, बल्कि पूरे निर्माण तंत्र की विफलता का उदाहरण है, जिस पुल का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना था, वह पहली ही बारिश में दरक गया। इससे स्पष्ट है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पहली बारिश में उखड़ती सड़कों और धंसते पुलों के रूप में सामने आ रही है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद जनता को सुरक्षित अधोसंरचना नहीं मिल रही है। यह केंद्र सरकार के दावों की पोल खोलने पर्याप्त है।

श्री मुदलियार ने सांसद संतोष पांडे पर भी निशाना साधते कहा कि अपने ही संसदीय क्षेत्र में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की यह स्थिति है, लेकिन सांसद पूरी तरह मौन है। राजनांदगांव शहर की जनता दो वर्षों से दो अंडरब्रिज की प्रतीक्षा कर रही है। जबकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता लगातार सवालों के घेरे में है। इस दौरान वीरेंद्र चंद्राकर, देवेश वैष्णव, ललित कुमरे, राजेश सेवता, रईस गोरी, लोकेश सहारे और अमित कुशवाहा मौजूद रहे।

#### भ्रष्टाचार ही विकास का ईंधन

*उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की डबल इंजन सरकार में भ्रष्टाचार ही विकास का ईंधन बन गया है। रेलवे जैसे संवेदनशील विभाग में भी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। बरगा ही नहीं जून में लोकार्पित मुसरा और आलीवारा रेलवे ओवरब्रिज भी धंस रहे हैं। इन तीनों परियोजनाओं पर 80 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई है। ऐसे में यह संदेह स्वभाविक है कि निर्माण एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि अब तक जिन किसानों की जमीन पर यह ब्रिज खड़ा है, उन्हें मुआवजा तक नहीं मिल पाया है और यह दरकने लगा है। उन्होंने इसे भाजपा शासन की अंधेरगर्दी करार दिया।*


online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## धान खरीदी से जुड़े नोडल अधिकारियों की संयुक्त जांच समिति रिपोर्ट तैयार करने में बरती लापरवाही

# धान खरीदी 2024-25 में दो केंद्रों से 27,670 क्विंटल धान गायब, महीनों बाद जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश, अफसरों ने उड़ाई धज्जियां धान खरीदी सत्र 2024-25 में जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्रों बाजारा चारभाठा और बघर्रा से करोड़ों रुपए मूल्य के धान गायब होने का मामला युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने सूचना के अधिकार से निकाले दस्तावेज लगभग 8.5 करोड़ रुपए के इस कथित घोटाले का खुलासा हुए नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन संयुक्त जांच टीम अब तक किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

जांच की धीमी रफ्तार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के अभाव ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। यह मामला और भी हैरान करने वाला इसलिए बन गया है क्योंकि करोड़ों रुपए के धान घोटाले में निलंबित किए गए तत्कालीन धान खरीदी प्रभारी को चुपचाप बहाल कर दिया गया है। इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता के बावजूद न तो अब तक सरकारी राशि की वसूली हो सकी है और न ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इससे जिला प्रशासन, विपणन विभाग और जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सितंबर 2025 में शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिला खाद्य शाखा, पंजीयक विभाग और धान खरीदी के नोडल अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम गठित की थी। उस समय उम्मीद जताई जा रही थी कि करोड़ों रुपए के इस कथित घोटाले के जिम्मेदारों पर जल्द कार्रवाई होगी और दोषी सलाखों के पीछे पहुंचेंगे। लेकिन नौ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। अब मामले को उलझाने और कार्रवाई टालने के लिए तकनीकी कारणों और प्रक्रियागत बहानों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे पूरे मामले पर पर्दा डालने की आशंका और गहरा गई है।

### करोड़ों के धान की कमी उजागर, फिर भी प्रभारियों पर नहीं गिरी गाज




धान खरीदी सत्र 2024-25 में जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्रों में कुल 8 लाख 3 हजार 528 क्विंटल धान संग्रहित था। बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में संग्रहित 6 लाख 46 हजार 486 क्विंटल धान के विरुद्ध 22 हजार 997 क्विंटल धान कम पाया गया, जो लगभग 3.56 प्रतिशत की कमी है। वहीं बघर्रा संग्रहण केंद्र में संग्रहित 1 लाख 57 हजार 42 क्विंटल धान के मुकाबले 4 हजार 673 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो लगभग 3.0 प्रतिशत है। हैरानी की बात यह है कि बाजार चारभाठा केंद्र में इतनी बड़ी मात्रा में धान की कमी मिलने पर केंद्र प्रभारी को निलंबित तो किया गया, लेकिन बाद में उन्हें पुनः बहाल कर दिया गया। दूसरी ओर बघर्रा केंद्र के प्रभारी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, वर्ष 2025-26 के धान संग्रहण का कार्य भी उसी प्रभारी के माध्यम से कराया गया। करोड़ों रुपए मूल्य के धान की कमी उजागर होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होना और संबंधित प्रभारियों को संरक्षण मिलना पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### जिले में करोड़ों रुपए का धान खरीदी में महाघोटाला: आकाश केशरवानी

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया है कि धान खरीदी सत्र 2024-25 में मार्कफेड की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के उठाव के बाद भी 46,360 क्विंटल से अधिक धान की कमी पाई गई, जिसका मूल्य लगभग 14 करोड़ 37 लाख रुपए से अधिक है।बाजार चारभाठा एवं बघर्रा संग्रहण केंद्रों में 27,670 क्विंटल धान की कमी दर्ज हुई, जिसकी कीमत लगभग 8.5 करोड़ रुपए से अधिक है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं धान खरीदी सत्र 2025-26 में भी जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के उठाव के बाद मार्कफेड की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार करीब 52 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आई है, जिसका अनुमानित मूल्य 16 करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है। बड़ी समितियों पर कार्यवाही न करके उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान सरकार एवं विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से जिले में करोड़ों रुपए का धान महाघोटाला होने का आरोप लगाया गया है।

# बोल बम समिति कुण्डा की कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक

- मां महामाया बोल बम समिति 151 किलोमीटर तक करेगा कावड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा कांवड़ यात्रा हेतु मां नर्मदे के पवित्र जल के लिए रवाना होगी, इस यात्रा के लिए किस रूट जाना है और किस रूट से कावड़ यात्रा करना है को लेकर विगत दिनों समिति ने शिव मंदिर प्रांगण में बैठक आहुत की जिसमें समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

इस वर्ष कांवड़ यात्रा 30 जुलाई 2026 गुरुवार से शुरू होकर 11 अगस्त मंगलवार सावन शिवरात्रि तक आयोजित होगी, मान्यता है कि देवाधिदेव महादेव के प्रिय महीने सावन में पहली बार कांवड़ यात्रा की शुरुवात भगवान परशुराम ने की तब से अनवरत जारी है, हरिद्वार गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थान के पवित्र नदियों के जल भक्तगण कावड़ में भरते है और शिवालयों में जाकर उस जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते है।

जिले के शिवभक्त मध्यप्रदेश के अमरकंटक में स्थित मां नर्मदे की पवित्र जल लेने अमरकंटक जाते है। इस बार मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा के शिवभक्त 4 अगस्त 2026 को मां नर्मदे का पवित्र जल लेने कुण्डा से अमरकंटक निकलेंगे वहीं इस बार मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा की लगभग 100 भूतनाथ के भक्तगण की जत्था 4 अगस्त को नर्मदा नदी का पवित्र जल लेने अमरकंटक रवाना होगी।

समिति के अध्यक्ष एवं मां महामाया मंदिर के पुजारी पं नूतन प्रसाद शर्मा ने बताया कि बोल बम समिति गठन 2009-10 में हुआ था तब से निरंतर हर वर्ष कांवड़ यात्रा जारी है। उन्होंने बताया बोल बम समिति विगत 17 वर्षों से कांवड़ यात्रा कर भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। श्री शर्मा ने बताया यात्रा की तैयारी हेतु सोमवार को समिति का आवश्यक बैठक आहुत किया गया।

मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा मां नर्मदे की पवित्र जल कांवड़ में भरकर अमरकंटक से कावड़ उठाकर 151 किलोमीटर की कावड़ यात्रा कर जलेश्वर महादेव डोंगरिया में जलाभिषेक एवं कवर्धा में स्थित बुढ़ामहादेव में जलाभिषेक एवं कुण्डा में नगर भ्रमण कर मां महामाया मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश जिले एवं ग्राम एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली समृद्धि की मंगल कामना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### घोरपेंड्री में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण संपन्न



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत ग्राम घोरपेंड्री बूथ क्रमांक 231 में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ, तत्पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं जयंती मनाया गया, जिसमे युवा मोर्चा कुण्डा अध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर एवं बूथ अध्यक्ष नीलमणी चंद्राकर, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राकेश चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप, जगन्नाथ, गोकुल, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश एवं अध्यक्ष सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### युवा सारथी सेवा संस्था ने किया रक्तदान

**कवर्धा।** युवा सारथी सेवा संस्था जिला कबीरधाम के सारथी साथियों द्वारा जिला चिकित्सालय में विगत दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किए। युवा सारथी सेवा संस्था अपनी अलग पहचान रखती हैं, इस संस्था में युवाओं के समग्र विकास सशक्त युवा और विकसित राष्ट्र के निर्माण के सपनों के साथ भगवान श्री कृष्ण को आदर्श मानते हुए सारथी के भूमिका निभाते कृष्ण भगवान ने अर्जुन को युद्ध में विजय प्राप्त करने का मुल मंत्र भागवतगीता सुनाया, उसी प्रकार युवाओं को सशक्त बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में समाज समाज सेवा का पुरजोर समर्थन करने को संकल्पित है। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य गण उपस्थित थें।

### NAME CHANGE OF A MINOR

I, Dujeram Patel S/o Phagu Patel R/o 23, badaradeeh, tahsil-kawardha, Badaradeeh, PO. Kawardha, DIST. Kawardha, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor son Deepchand Patel aged 12 years and he shall hereafter be known as Deepchain Patel.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Dujeram Patel
[Signature of Guardian]

# शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को महामाया चौक स्थित शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास, मेस तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई, शिक्षण व्यवस्था तथा महाविद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, शिक्षकों द्वारा कराई जा रही पढ़ाई, पाठ्यक्रम के संचालन तथा अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से आवासीय व्यवस्थाओं, कमरों की स्थिति, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर स्थित मेस का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, समय पर भोजन उपलब्ध होने तथा भोजन के मेन्यू के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेस में तैयार किए जा रहे भोजन का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता की जांच की तथा स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चेतन साहू, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नारायणी साहू, डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दूल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

#### मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली

कलेक्टर ने महाविद्यालय एवं छात्रावास में पेयजल की उपलब्धता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में बारिश के कारण आई सीलन पर उन्होंने तत्काल आवश्यक मरम्मत कर समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाविद्यालय में किसी प्रकार की कमी हो, उसका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### आत्मनिर्भर दलहन मिशन के तहत उन्नत उड़द बीज वितरण व संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा आत्मनिर्भर दलहन मिशन के अंतर्गत विकासखंड लोहारा में 02 जुलाई 2026 को उन्नत उड़द किस्म आईपीयू-13-1 की वैज्ञानिक खेती विषय पर कृषक संगोष्ठी एवं आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लालाराम साहू उपस्थित थें। कार्यक्रम में लोहारा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आए लगभग 70 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में चयनित किसानों को उड़द की उन्नत किस्म आईपीयू-13-1 के प्रमाणित बीज, फॉस्फेट घुलनशील जीवाणु (पीएसबी) तथा राइजोबियम कल्चर का वितरण किया गया। लालाराम साहू ने किसानों से वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त बीजों एवं जैव उर्वरकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने किसानों से बीजोपचार एवं जैव उर्वरकों का नियमित उपयोग करने की अपील की। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने बताया कि आत्मनिर्भर दलहन मिशन का उद्देश्य देश में दलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि कर भारत को दलहन उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने, उन्नत एवं जलवायु-अनुकूल किस्मों के प्रसार, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों, जैव उर्वरकों एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### जिला सरपंच संघ में शरद, सुनीता शामिल

**डोंगरगांव।** जिला सरपंच संघ की कार्यकारिणी का गत दिनों गठन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लाक के आधा दर्जन सरपंचों को शामिल किया गया है। मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत कोहका के सरपंच दानेश्वर शरद वैष्णव को कार्यकारिणी में संगठन सचिव बनाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत खुर्सीपार की सरपंच कुंती साहू को उपाध्यक्ष, कुतुलबोड़ भांठागांव के सरपंच रोहित साहू को संरक्षक, ग्राम पंचायत पेंडरवानी की सरपंच मेघा साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में दूसरी बार निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू और ग्राम पंचायत आरी की सरपंच सोनम निषाद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।




# मौसम हुआ सुहाना, तापमान में आई गिरावट

- झमाझम बारिश से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव



शहर सहित क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा और दामापुर क्षेत्र में लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। वहीं पिछले दो तीन दिनों से शुरू हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया।

लगातार वर्षा होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी व उमस से काफी राहत मिली। मौसम सुहाना होने से आम नागरिकों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। लगातार बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। कई स्थानों पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों की बुवाई शुरू नहीं हो पाई थी। अब अच्छी बारिश के बाद किसानों ने खेतों की तैयारियां तेज कर दी हैं और बुवाई का कार्य रफ्तार पकड़ने लगा है।

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से इस वर्ष अच्छी खेती की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं लगातार हो रही वर्षा से क्षेत्र के नदी-नालों में भी पानी का बहाव बढ़ने लगा है। गर्मी के चार महीनों के दौरान कई नदी-नालों में जलधारा लगभग समाप्त हो गई थी, लेकिन अब बारिश के कारण उनमें फिर से पानी बहने लगा है। जलस्तर में भी धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल और सिंचाई की स्थिति में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# कुण्डा स्थित दुख निवारण गुरुद्वारा में अर्जुन तिवारी ने टेका मत्था

- क्षेत्रीय जन संपर्क अभियान के तहत किया मेल-मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि व पंडरिया जनपद के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी ने अपने क्षेत्रीय जन संपर्क अभियान के तहत कुण्डा पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लोगों के आस्था व विश्वास के प्रतीक दुख निवारण गुरु द्वारा में मत्था टेका तथा गुरुद्वारा प्रमुख बाबा हरदीप सिंह से सौजन्य भेंटकर आर्शीवाद लिया, बाबा हरदीप सिंह ने श्री तिवारी के उत्तम स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना भी किए। श्री तिवारी ने बताया कि बाबा हरदीप से उनका काफी पुराना नाता रहा है जब 1994 में पंडरिया जनपद अध्यक्ष चुनाव में विजयी हुए थे तो पंडरिया में महामाया मंदिर में दर्शन उपरांत कुण्डा आकर बाबा हरदीप से भेंट मुलाकात किए थे तब कुण्डा ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में सुरेंद्र सिंह छाबड़ा लंबे अंतरात से जीत हासिल किए थे, श्री तिवारी गुरुद्वारा के निशान साहब में भी मत्था टेका।

### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

#### // सूचना का प्रकाशन //

क्रमांक 3962/प्रस्तुतकार/2026
कबीरधाम, दिनांक 01/07/2026

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक वर राहूल साहू पिता मोहन साहू उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11 लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास अटल आवास कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) एवं वधु पिंकी पटेल पिता झाडूराम पटेल, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम मिनमिनिया तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) दोनों के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति/दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 29.07.2026 के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

जिला विवाह अधिकारी
कबीरधाम



### निरीक्षण: रामपुर विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

# विद्युत समस्या को लेकर विधायक ने दिखाए सख्त तेवर, जेई को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा


पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से जारी अघोषित बिजली कटौती और बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कथित दुर्व्यवहार की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधायक भावना बोहरा मंगलवार को रामपुर विद्युत सब स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने मौके पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा किसानों और स्थानीय उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने विधायक को बताया कि खरीफ सीजन के बीच लगातार अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और समय पर विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही कुछ उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक भावना बोहरा ने मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर सौरभ कुमार को लापरवाही बरतने और शिकायतों के निराकरण में उदासीनता को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय खरीफ फसलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

किसानों को सिंचाई के लिए नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलना आवश्यक है। बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती से खेती-किसानी प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की जिम्मेदारी है कि वह समय पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे और किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया तथा बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिलाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विधायक भावना बोहरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में अघोषित बिजली कटौती या उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार जैसी शिकायतें दोबारा सामने आती हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने का पूरा अधिकार है और विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि वे शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनका समयबद्ध समाधान करें। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



#### खरीफ सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति पर दिया जोर

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि खरीफ फसलों की बुआई और सिंचाई का समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे समय में अघोषित बिजली कटौती किसानों की मेहनत और उत्पादन दोनों को प्रभावित करती है। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि कृषि पंपों के लिए पर्याप्त और नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा तकनीकी खराबियों का तत्काल निराकरण किया जाए।

#### अभद्र व्यवहार पर भी जताई नाराजगी, कार्रवाई की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान कई किसानों और उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत विधायक से की। इस पर विधायक ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों की अनदेखी या उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

# दोपहर बाद स्कूल बंद, कैसे पढ़ेगा, कैसे बढ़ेगा इंडिया?

### वनांचल के कई स्कूल इकलौते शिक्षक के भरोसे




हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सरकारें भले ही पढ़ेगा इंडिया, तो बढ़ेगा इंडिया का नारा बुलंद करते न थकती हों, लेकिन कबीरधाम जिले के वनांचल और अंतिम छोर के गांवों में यह नारा दोपहर होते-होते दम तोड़ देता है। विकासखंड बोड़ला के सुदूर ग्राम धनवाही और सुखझर के प्राथमिक विद्यालयों में मंगलवार को जो नजारा दिखा, उसने शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी।

यहां दोपहर के अभी ठीक से 2.00 भी नहीं बजे थे कि स्कूलों के मुख्य द्वारों पर बड़े-बड़े ताले लटकते पाए गए। बच्चे पढ़ाई करने की उम्र में स्कूल के बाहर खड़े होकर सिस्टम की बेरुखी का तमाशा देखते नजर आए। जब इस समय पूर्व तालाबंदी का राज जानने की कोशिश की गई, तो जो जवाब मिला वह शिक्षा विभाग की लचर और संवेदनहीन नीतियों पर सबसे बड़ा तंज है। ग्राम धनवाही प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक से जब पूछा गया कि देश के भविष्य को दोपहर 2 बजे ही क्यों घर भेज दिया गया? तो उन्होंने लाचारी भरा अजीबोगरीब तर्क दिया। प्रधानपाठक ने कहा मैं स्कूल में अकेला शिक्षक हूँ।

दलदली में संकुल स्तरीय बैठक थी, वहां जाना भी जरूरी था। अब बताइए, मैं स्कूल संभालु या बैठक । इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प और हैरान करने वाला मोड़ तब आया, जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप चंद्राकर से इस विषय पर चर्चा की गई। बीईओ श्री चंद्राकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, हमारे तरफ से साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि किसी भी शिक्षक को स्कूल बंद करके किसी भी बैठक में नहीं जाना है। इसके बावजूद अगर ऐसा हुआ है, तो मैं संबंधित समन्वयक और शिक्षक से जानकारी लेता हूँ। बीईओ साहब का यह बयान साफ करता है कि शिक्षा विभाग में उच्च अधिकारियों के आदेशों की क्या अहमियत और हैसियत है। अधिकारियों के कड़े निर्देश निचले स्तर पर आते-आते कितने फीके और बेअसर हो जाते हैं, यह इस घटना से साफ समझा जा सकता है।






एक तरफ अधिकारी कह रहे हैं कि स्कूल बंद नहीं करना है, तो दूसरी तरफ संकुल स्तर पर ऐसी बैठकें रख दी जाती हैं कि एकल शिक्षक वाले स्कूल को ताला लगाने पर मजबूर होना पड़ता है। आखिर समन्वय की कमी और इस लचर व्यवस्था की सजा ये मासूम बच्चे कब तक भुगतेंगे?

#### साहबों की हाजिरी जरूरी बच्चों की पढ़ाई ऑप्शनल

कबीरधाम के इन सुदूर अंचलों में एकल शिक्षक, की बीमारी सालों पुरानी है। जब भी कोई शासकीय कार्य, चुनाव ड्यूटी या संकुल बैठक होती है, तो पूरा का पूरा स्कूल ही ऑफिशियल तौर पर बंद कर दिया जाता है। अधिकारियों के कागजी दावे और मैदानी हकीकत के बीच की यह खाई बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।

#### ग्रामीणों में भारी आक्रोश, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

स्कूलों में समय से पहले ताला लटके देख स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने कड़े शब्दों में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अधिकारियों को बैठकें ही लेनी हैं, तो वे इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं करते? ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की सुध लेने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि बीईओ भानु प्रताप चंद्राकर की इस जानकारी और जांच के बाद व्यवस्था में कोई सुधार होता है, या उच्च अधिकारियों के आदेश इसी तरह फीके पड़ते रहेंगे और वनांचल के इन मासूमों का भविष्य साहबों की बैठकों की भेंट चढ़ता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मानसून में बिजली से सतर्कता जरूरी

**कवर्धा।** बरसात के मौसम में नमी और पानी के कारण बिजली के करंट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र ने आमजन की सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया है। कबीरधाम जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी दुर्घटना से बच सकते हैं। मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने कहा कि आंधी-तूफान और बारिश बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति होती है। फीडर में फाल्ट ढूंढना आसान नहीं होता। अंधेरे और बारिश में भी हमारे कर्मचारी लाइन सुधार में जुटे रहते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा, बिजली आपूर्ति बाधित होने पर 5-10 मिनट रुक कर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं। विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन में आपकी सतर्कता बहुत जरूरी है। जरा सी छेड़छाड़ से बड़ा हादसा हो सकता है।

### नीरज व बीपी गुप्ता पदों पर मनोनीत

**कवर्धा।** नगर के लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष द्वय लायन नीरज मनजीत छाबड़ा एवं लायन बीपी गुप्ता को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी की कैबिनेट में क्रमशः माइक्रो चेयरपर्सन व डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन के पद पर मनोनीत किया गया हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने पिछले दिनों बिलासपुर में संपन्न प्री कैबिनेट मीटिंग में इस आशय का ऐलान किया।

# धान खरीदी केन्द्रों में करोड़ों के घोटाले की आशंका किसान संघ ने सीएम से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के धान खरीदी केंद्रों में कथित रूप से हो रहे घोटाले और अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए कबीरधाम जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

यह ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है। भारतीय किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने आरोप लगाया है कि कबीरधाम जिले सहित प्रदेश की विभिन्न सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित धान खरीदी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से लेकर भंडारण, परिवहन और मिलिंग तक की प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियों की आशंका है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है और किसानों का भरोसा भी प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई स्थानों पर धान खरीदी में हेराफेरी, खरीदी के बाद मिलिंग के लिए परिवहन में फर्जी बिलों का उपयोग, कम वजन का परिवहन, रास्ते में धान की अफरा-तफरी तथा वास्तविक खरीदी और भंडारण के आंकड़ों में भारी अंतर जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा कागजों में धान खरीदी दर्शाकर वास्तविक स्टॉक गायब होने जैसी गंभीर अनियमितताओं की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ का कहना है कि यदि समय रहते इन मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो इससे किसानों के हित प्रभावित होंगे और शासन की साख पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। संगठन ने पूरे प्रदेश की धान खरीदी व्यवस्था की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराए जाने की आवश्यकता बताई है।


#### भारतीय किसान संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखी मांगे

ज्ञापन में किसान संघ ने प्रदेश सरकार के समक्ष चार प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जांच कराने की मांग रखी है। जिसमें प्रत्येक किसान से खरीदे गए धान की मात्रा, खरीदी की तिथि तथा भुगतान की तिथि का ऑडिट कराया जाए। समिति से संग्रहण केन्द्र और वहां से मिलर्स तक धान के परिवहन की जीपीएस ट्रैकिंग, धर्मकांटा पर्ची तथा परिवहन अभिलेखों का मिलान किए जाने, समिति, संग्रहण केन्द्र एवं मिलर्स के पास उपलब्ध भौतिक स्टॉक का कागजी रिकॉर्ड से सत्यापन कराया जाने, पूरे प्रदेश की धान खरीदी प्रक्रिया की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से जांच करए जाने की मांग शामिल है। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश स्तर पर एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# गांव के अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दमगड पंचायत के आश्रित गांव चारभाठा में एक ग्रामीण का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है।



स्थिति परिस्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि ग्रामीण अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। ग्रामीणों की सूचना पर कुकदुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुनगाडीह निवासी बुधारी धुर्वे आयु 50 वर्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बताया जा रहा है। जानकारी मिली है कि बुधारी को ईलाज के लिए उसकी बहन के घर कुई-अमेरा ले जाया गया था। जहां से वह बीते 5 तारिख को बिना कुछ बताए कहीं चला गया। जिसके बाद से उनकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

इसी बीच मंगलवार को दमगड पंचयात के आश्रित गांव चारभाठा में एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका हुआ उसका शव मिला। जिसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुधारी ने आखिर आत्महत्या क्यों की।

# होटल-ढाबों पर कार्रवाई, अवैध शराब परोसने वालों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए कबीरधाम पुलिस ने होटल, ढाबा और रेस्टोरेंटों में बड़े पैमाने पर सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान कई संचालक ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसते मिले, जिनके खिलाफ मौके पर ही वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं एक होटल संचालक की स्कूटी से प्लेन देशी शराब भी जब्त की गई। कोतवाली पुलिस, एएनटीएफ और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने शहर के नवीन बाजार, नया बस स्टैंड, राजनांदगांव बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों के होटल, ढाबा और रेस्टोरेंटों में एक साथ दबिश दी। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाई जाती मिली। पुलिस ने संबंधित संचालकों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान एक होटल संचालक की स्कूटी की तलाशी में प्लेन देशी शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

एसडीओपी आशीष शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से शराब परोसने, शराब पिलाने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब बिक्री, शराब पिलाने या किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# जिला अस्पताल में महिला का सफल सीजेरियन ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला अस्पताल कबीरधाम के चिकित्सकों ने एक दंपति के 15 वर्षों के लंबे इंतजार को खुशियों में बदलते हुए एलएससीएस (सीजेरियन ऑपरेशन) के माध्यम से 2.970 किलोग्राम वजन के स्वस्थ नवजात शिशु का सफलतापूर्वक जन्म कराया।



जटिल गर्भावस्था के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों की सतर्कता और समन्वित प्रयासों से ऑपरेशन सफल रहा। वर्तमान में माँ और नवजात दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं। प्रसूता को प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच के दौरान सुरक्षित प्रसव के लिए एलएससीएस आवश्यक पाया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने समय पर निर्णय लेते हुए सफल ऑपरेशन किया। जन्म के समय नवजात का वजन 2.970 किलोग्राम पाया गया, जो संतोषजनक है।

परिजनों ने बताया कि विवाह के 15 वर्षों बाद उनके घर संतान का जन्म हुआ है। वर्षों के इंतजार के बाद नवजात की किलकारी सुनकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### राजानवागांव हाई स्कूल में जिला पुलिस प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान

# विद्यार्थियों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भोरमदेव पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के राजानवागांव हाई स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप, नवीन आपराधिक कानून, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए बताया कि आज के समय में साइबर ठगी के तरीके लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी, फर्जी लिंक भेजकर बैंक खाते से रकम निकालने की घटनाएं, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान, बैंकिंग फ्रॉड, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन, संदेश या ई-मेल पर भरोसा न करें।

किसी भी परिस्थिति में अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन सामने आए तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन को दें।

#### अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप की बताई गई उपयोगिता



कार्यक्रम में अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऐप विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए विकसित किया गया है। विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सड़क सुरक्षा नियमों तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपने दायित्वों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दें, ताकि डिजिटल युग में सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपयोगी कार्यक्रम के लिए कबीरधाम पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कलेक्टर ने ली समयसीमा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, स्कूलों में आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व, एग्रीस्टेक, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। इसके लिए प्रत्येक स्कूल की सूची तैयार कर यह चिन्हित किया जाए कि किन विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं।

उन्होंने आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार कराने तथा शिविर आयोजित कर सभी पात्र विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य विभाग से राशन कार्ड का डाटा प्राप्त कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।


स्कूल चलें हम
शहर की प्रतिष्ठित विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पाठशाला विद्यालय ज्ञान का मंदिर
BUS SCHOOL


ADARSH PUBLIC SCHOOL
(English Medium)
Class Nursery to 5th
ADMISSION OPEN FOR 2026
आदर्श विद्या मंदिर
नर्सरी से दसवीं तक
हमारी व्यवस्थाएँ
राज महल कॉलोनी कवर्धा, जिला-कबीरधाम
मो. 8839258651, 9589725769


॥ शिक्षा ॥
॥संस्कार॥
॥ व्यक्तित्व विकास ॥
स्व. टेकसिंग धाली स्मृति -
विवेकानंद हाई स्कूल कवर्धा
रामनगर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
कक्षा Kg1 से कक्षा 10 वीं तक
ADMISSION OPEN
पता: कैलाश नगर, कवर्धा, संपर्क नंबर 9425558303


ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी
पब्लिक स्कूल बिरकोना अंग्रेजी माध्यम
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश प्रारंभ
सत्र 2026-27
ADMISSIONS OPEN
कक्षा नर्सरी से 12वीं तक
Nursery to Class 12th
स्कूल की विशेषताएं
उच्चतम शिक्षक
शिक्षकाएं द्वारा शिक्षा
न्यूनतम शुल्क
बस सुविधा
Art's
Commerce
Bio
Maths
डायरेक्टर - सुरेश चंद्रवंशी
संपर्क नं. - 6260459610
पता : पिपरिया रोड, बिरकोना, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


GURUKUL PUBLIC SCHOOL KAWARDHA (C.G.)
विद्या ददाति विनयम्
GURUKUL PUBLIC SCHOOL
KAWARDHA
Where Learning Meets Excellence
Nurturing Values, Shaping Futures
ADMISSION OPEN
2026-27
GURUKUL
Limited SEATS HURRY UP!
From Nursery To Class 12TH
WHY CHOOSE GURUKUL?
QUALITY EDUCATION
CBSE Curriculum with Conceptual Learning
EXPERIENCED FACULTY
Dedicated & Caring Teachers for All-round Development
SPORTS & ACTIVITIES
Modern Facilities for Sports, Arts, Music & Co-curricular Excellence
MODERN INFRASTRUCTURE
Smart Classrooms, Labs, Library & Safe Campus Environment
VALUES & CHARACTER
Building Confidence, Discipline & Leadership for Bright Futures
Spacious Campus
Smart Classrooms
Sports Facilities
Laboratories
Transport Facilities
ENROLL NOW
FOR A BRIGHTER TOMORROW
6260 347 114
Gurukul Public School, Kawardha, Chhattisgarh | www.gurukulkawardha.com


SHRI RAMKRISHNA PUBLIC SCHOOL
Bilaspur Road, Singhanpuri Kawardha,Dist- Kabirdham (C.G.)
SHRI RAMKRISHNA PUBLIC SCHOOL
KAWARDHA
तमसो मां ज्योतिर्गमय
CBSE Affiliation Number-3330164
ADMISSION OPEN
FOR 2026-2027
Our engaging curriculum, experienced educators, and vibrant learning environment empower students to grow academically, socially, and emotionally.
CBSE course is provided at a minimum cost.
Nuturing of creativity with Art and Math.
Personal & special care for slow learners.
Digital classes with interactive audio-video learning
BUS FACILITY IS AVAILABLE FROM PANDARIA
BILASPUR ROAD, SINGHANPURI KAWARDHA, DIST. KABIRDHAM
www.rpskwd.in
rpskwd@gmail.com
7489483055


शिक्षा के साथ संस्कार.. सफलता का परचम लगातार..
ASHOKA PUBLIC SCHOOL KAWARDHA (C.G.)
ASHOKA
PUBLIC SCHOOL
CBSE
AFFILIATION NO. 3330429
PLAYGROUP TO XII
प्रवेश प्रारंभ 2026 - 27
HOLISTIC DEVELOPMENT WITH THE BEST STUDY METHODS
• Outstanding Board Results
• JEE, NEET & Navodaya Selections
• 200+ Medals in Educational Olympiads
• 100+ Medals in National & State-Level Games
हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
ASHOKA PUBLIC SCHOOL
APS 1 रायपुर रोड
APS 2 मजगाँव रोड
APS 3 शिक्षक कॉलोनी गली नं. 01 कवर्धा
MO. 9981561774 | 9893164967 | 8962726404 | 9993797851


संस्कार
संस्कार स्कूल
अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा
हमारी विशेषताएँ
English Medium Education
अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक
Smart Classes & Digital Learning
अनुशासन एवं संस्कार युक्त वातावरण
सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान
U-DISE code 22080703378
REG. NO. 3475
CGBSE CODE 162039
BSG REG. NO. KB0182/KG0108
ADMISSION OPEN
2026-27
NURSERY TO XII
BIOLOGY & MATHS
20 वर्षों का विश्वास, उत्कृष्ट शिक्षा का आधार
शहर के मध्य एकमात्र अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
सीमित सीटें
आज ही प्रवेश सुनिश्चित करें
संस्कार युक्त शिक्षा
उज्ज्वल भविष्य की दिशा
7898091310 | 7828796670 | 7024524297 | 8839450225
sanskarkawardha7@gmail.com
https://sanskarpublicschoolkawardha.in